एक नजर

विद्यालय के गेट पर कार-बाइक की भीषण भिड़ंत टक्कर के बाद बाइक में लगी आग

सफदरगंज बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के सैदनपुर में बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे श्रीराम यादव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गेट के सामने कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार मोहम्मद फरहान (निवासी अकबरपुर सैदनपुर) गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद बाइक में आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, कार में करीब सात लोग सवार थे, जो चौथी की रस्म में शामिल होने जा रहे थे। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि बाइक आग की चपेट में आकर बुरी तरह जल गई। कार सवार सभी लोग सुरक्षित रहे। घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

जमीन पर कब्जा नहीं मिला तो पानी टंकी पर चढ़ी महिला, तीन घंटे चला हंगामा



रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के गैरिया गांव में जमीन पर कब्जा न मिलने से नाराज महिला बुधवार सुबह जल जीवन मिशन की पानी की टंकी पर चढ़ गई। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय और असंद्रा पुलिस ने समझा-बुझाकर महिला को नीचे उतारा। गैरिया निवासी संगीता पत्नी विक्रम के मुताबिक, उन्होंने करीब दो वर्ष पहले एक जमीन का बैनामा कराया था। गांव के प्रेमचंद ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसके बाद जमीन का दाखिल-खारिज भी उनके पक्ष में हो गया।आरोप है कि इसके बावजूद उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका और दूसरे पक्ष का कब्जा बरकरार है। राजस्व कर्मियों से सुनवाई न होने से क्षुब्ध होकर संगीता सुबह करीब आठ बजे पानी की टंकी पर चढ़ गईं। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार और पुलिस ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें नीचे उतारा।

सीता हरण पर रोया पंडाल, राम के अयोध्या लौटने पर दिवाली जैसा माहौल



रामनगर, बाराबंकी। नौ दिन से चल रही श्रीराम कथा आज अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंची तो पूरा रामनगर भावनाओं में डूब गया। अंतिम दिन व्यासपीठ से अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज ने वो प्रसंग सुनाए, जिन पर पूरी रामायण टिकी है - सीताहरण, लंका दहन, राम-रावण युद्ध, विभीषण का राज्याभिषेक और राम की अयोध्या वापसी।**सीताहरण पर छाया सन्नाटा, लंका दहन पर गूंजे जयकारे**जब महाराज ने सीताहरण का वर्णन किया, पंडाल में सन्नाटा छा गया। माता सीता के विलाप और राम के विरह को सुनकर कई महिलाओं की आंखें भर आईं।फिर जैसे ही हनुमान जी ने लंका में आग लगाई, पूरा पंडाल *जय बजरंग बली* के जयकारों से गूंज उठा।राम-रावण युद्ध का वर्णन सुनते-सुनते श्रद्धालु ऐसे भावुक हुए जैसे युद्ध उनकी आंखों के सामने हो रहा हो। महाराज जी का सार - रामायण किताब नहीं, जीने का तरीका हैसमापन पर महाराज ने कहा -रामायण सिर्फ धार्मिक ग्रंथ नहीं है, यह आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा है। यह हमें सिखाता है - सत्य, त्याग, सेवा, मर्यादा और दूसरों के प्रति सम्मान।उन्होंने एक बड़ी बात कही जो हर घर के लिए संदेश है - किसी दूसरे की संपत्ति कितनी भी मूल्यवान क्यों न हो, उस पर अपना अधिकार जताना अनुचित है। रावण ने यही किया और मिट गया।जब राम लौटे, अयोध्या दीपों से नहा गई महाराज जी बोले - 14 वर्ष का वनवास पूरा कर जब राम अयोध्या लौटे, तो पूरी नगरी दीपोत्सव से सराबोर हो गई। यह हमें सिखाता है - धैर्य रखो, मर्यादा पर चलो, सत्य पर डटे रहो, जीत तुम्हारी ही होगी।

रुजहा धाम सरकार के प्रथम स्थापना दिवस पर हुआ हवन-पूजन, भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



खुटार। क्षेत्र के गांव रुजहा कलां स्थित रुजहा धाम सरकार (खाटू श्याम मंदिर) में प्रथम स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्यों ने विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया। जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ यजमान के रूप में यज्ञ में भाग लिया और पूर्णाहुति देकर परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। सेवादारों ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसकर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम स्थापना दिवस पर मंदिर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही।

बदहाली का शिकार प्राथमिक विद्यालय सेमरीभान

हरगांव (सीतापुर)। सरकार परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दे रही है। लेकिन विकासखंड हरगांव के प्राथमिक विद्यालय सेमरी भान की बदहाली सरकारी मंशा के विपरीत तस्वीर पेश कर रही है। विद्यालय के चारों तरफबारिश का गंदा पानी भरा है। न जल निकासी की समुचित व्यवस्था है और न ही मिट्टी पटान कराया गया है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यालय परिसर में जलभराव से मच्छरों के पनपने और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं, लंबे समय तक पानी जमा रहने से विद्यालय भवन की नींव प्रभावित होने और जमीन धंसने की आशंका भी जताई जा रही है। इसके बावजूद समस्या का समाधान न होना जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। एक ओर सरकार विद्यालयों को सुविधाओं से लैस करने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर सेमरी भान विद्यालय में बुनियादी समस्याएं दूर नहीं हो पा रही हैं।

गौ आधारित उत्पादों से स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहा कामधेनु फाउंडेशन



सीतापुर। विकासखंड गोंदलामऊ के ग्राम तेरवा स्थित स्वदेशी गोविज्ञान अनुसंधान व प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से कामधेनु फाउंडेशन गौ संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय पहल कर रहा है। संस्था द्वारा स्वदेशी गाय के गोबर और गोमूत्र से विभिन्न प्रकार के उपयोगी, सजावटी एवं पूजन सामग्री के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इस मौके पर संस्था द्वारा लगाये गये स्टाल का जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने अवलोकन भी किया। इसके साथ ही महिलाओं, किसानों और बेरोजगार युवाओं को इन उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था के अनुसार, अब तक 55 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण केन्द्र पर गाय के गोबर से जैविक खाद, दीपक, विभिन्न प्रकार की मूर्तियां, श्रीयंत्र, मोबाइल स्टैंड, शुभ-लाभ, ऊं श्री, स्वस्तिक, धूपबत्ती और धूपबत्ती स्टैंड सहित अनेक उपयोगी वस्तुएं बनाई जा रही हैं। इसके अलावा गोबर से साबुन, एंटी-रेडिएशन चिप सहित अन्य उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वहीं, गोमूत्र से जैविक कीटनाशक तैयार किया जा रहा है, जिसका उपयोग प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

दीपावली के लिए तैयार हो रहे विशेष उत्पाददीपावली के त्योहार को देखते हुए केन्द्र पर इन दिनों विशेष रूप से गाय के गोबर से दीपक, मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की मूर्तियां, श्रीयंत्र, लक्ष्मी चरण, धूपबत्ती, धूपबत्ती स्टैंड, शुभ-लाभ, श्री, स्वस्तिक, मोबाइल स्टैंड और एंटी-रेडिएशन चिप सहित विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। संस्था का उद्देश्य पारंपरिक त्योहारों में स्वदेशी एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को प्रोत्साहित करने के साथ ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। कामधेनु फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष मदन पाल सिंह अर्कवंशी ने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति में गौमाता का धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। स्वदेशी गाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पारंपरिक जीवनशैली और प्राकृतिक कृषि व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। गौसेवा भारतीय संस्कृति में सेवा, समर्पण और संवेदना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रमुख उद्देश्य समाज में गौमाता के प्रति आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना तथा गौ आधारित संसाधनों का सदुपयोग कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। गाय के गोबर और गोमूत्र से विभिन्न उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसी उद्देश्य से महिलाओं, किसानों और बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक महिलाओं, किसानों एवं युवाओं से प्रशिक्षण केन्द्र से जुड़कर गौ आधारित उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण लेने और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की।

जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया साप्ताहिक निरीक्षण

सीतापुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के क्रम में आलोक यादव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 4 नवम्बर को समय-03:30 बजे जिला कारागार सीतापुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर में साफ सफाई का उचित प्रबन्ध पाया गया। सर्वप्रथम महिला बैरक का निरीक्षण किया गया।

अज्ञात कारणों से पानी भरे खेत में मिला शव

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम के दक्षिण पानी भरे खेत में एक तीस वर्षीय युवक का शव सन्दिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया और देखने वालों का तांता लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकहुआ निवासी 30 वर्षीय मलखान जो कल शाम बाजार गया था का शव बुधवार दोपहर ग्राम से दक्षिण पानी भरे खेत में मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस दी।

वन विभाग की मिलीभगत से जमकर बरस रहा हरे-भरे पेड़ों पर आरा



बिसवां नगर (सीतापुर)। वन क्षेत्राधिकारी बिसवां के रहमो करम से क्षेत्र में तैनात वन दरोगा के द्वारा गिरे पेड़ों की आड़ में जमकर खड़े व हरे-भरे प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है। क्षेत्र के रौवापुर नेवादा, कुतुबापुर, सकरन खुर्द, देवतापुर, गोडियानपुरवा, पतरासा' में आम, नीम, शीशम, जामुन, तून, सागौन, गूलर के पेड़ों पर बगैर विभागीय स्वीकृति के वन दरोगा की मिलीभगत से आरा चलाया गया। विगत रात्रि किरतापुर में महिपाल के 3 आम व 2 जामुन के, रौवापुर नेवादा में लाला मौर्या ने करीब दर्जन भर जामुन के कुतुबापुर में सेमरा बाजार के पास करीब दर्जन भर जामुन के, सप्ताह पूर्व सकरन खुर्द में नीम, शीशम, आम के दर्जन भर, पतरासा में तून व जामुन व गोडियानपुरवा के निकट सइनपुरवा में दो शीशम के पेड़ 4 नवंबर को खड़ी दोपहरी में काट कर धराशाई कर दिए गए। वन दरोगा को उक्त सभी मामलों में जानकारी दिए जाने के बावजूद भी जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई न कर उल्टे शिकायतकर्ता को ही डराया-धमकाया गया। अब सवाल ये उठता है कि वन क्षेत्राधिकारी का वरद हस्त प्राप्त वन दरोगा क्या ऐसे ही कटवाते रहेंगे खड़े हरे-भरे पेड़ या इनके खिलाफजिला वन अधिकारी व जिलाधिकारी सीतापुर कठोरतम कार्रवाई करेंगे?

दो बार की प्रधान का उन्हीं की ग्राम पंचायत की मतदाता सूची से नाम गायब

हरगांव (सीतापुर)। जिस ग्राम पंचायत की जनता ने दो बार प्रधान चुनकर पूनम सिंह को जिम्मेदारी सौंपी। आज उसी ग्राम पंचायत की मतदाता सूची से उनका और परिवार के सदस्यों का नाम गायब है। वर्ष 2010 और 2015 में ग्राम पंचायत नेवादा की प्रधान रह चुकीं पूनम सिंह ने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में पूनम सिंह ने राजनीतिक विरोधियों ने प्रभाव का इस्तेमाल कर उनका स्थायी निवास ग्राम पंचायत नेवादा से हटाकर फिरोजपुर गडसारी ग्राम पंचायत के मजरा नरायनपुर में दर्ज करा दिया। इसके बाद उनके और परिवार के सदस्यों के नाम पंचायत तथा विधानसभा की मतदाता सूची से हटा दिए गए। उनका कहना है कि वर्ष 2021 तक सभी के नाम नेवादा की मतदाता सूची में दर्ज थे। पूनम सिंह के मुताबिक, वह इस समस्या को लेकर कई बार एसडीएम सदर और खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुकी हैं, 17 अक्टूबर 2026 को परिवार के सदस्यों के नाम दोबारा जुड़वाने के लिए प्रारूप-6 के तहत बीएलओ को आठ आवेदन दिए गए।

ग्राम विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने पहुंचे 81 केंद्रीय अधिकारी



बाराबंकी। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से आए 81 सदस्यीय सहायक अनुभाग अधिकारियों के दल ने बुधवार को विकासखंड मसौली की ग्राम पंचायत बड़ागांव और रसौली का भ्रमण कर ग्रामीण विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। पांच दिवसीय विलेज अटैचमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीणों तक उनके लाभ पहुंचने की स्थिति का जायजा लिया।

दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने मनरेगा कार्यों, अमृत सरोवर, मनरेगा पार्क, गौशाला, वृक्षारोपण, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वयं सहायता समूहों और पंचायत भवनों का निरीक्षण किया। इसके अलावा पेंशन, राशन, छात्रवृत्ति, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी देखी।अधिकारियों ने पंचायत भवन बड़ागांव में संचालित पुस्तकालय का भी अवलोकन किया।हमारे संवाददाता संतोष कुमार पाल को खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन, उनकी प्रभावशीलता और ग्रामीणों की समस्याओं को समझना है। इस मध्य सहायक निदेशक राजकिशोर, धर्मेंद्र कुमार सुमन, एडीओ पंचायत ब्रजेश कुमार, ग्राम प्रधान नूर फातिमा, जिया उल हक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सरयू तट पर मनुभूमि के रिवरफ्रंट प्रोजेक्ट का भूमि पूजन

अयोध्या। रामनगरी में सरयू तट के सामने प्रस्तावित मनुभूमि कंपनी के भव्य रिवरफ्रंट प्रोजेक्ट का बुधवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया गया। समारोह में फिल्म अभिनेत्री अदा शर्मा समेत कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। संत-महात्माओं ने पूजन के बाद परियोजना की सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर अभिनेत्री अदा शर्मा ने अयोध्या के आध्यात्मिक वातावरण और यहां की आभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि अयोध्या के वातावरण में भक्ति भाव महसूस किया जा सकता है। यहां आने वाला हर व्यक्ति इस नगरी में बसना चाहता है। उनकी भी इच्छा है कि अयोध्या में उनका अपना एक घर हो। वह यहां अपना घर बनाएंगी। भूमि पूजन समारोह में परियोजना के प्रमुख साझेदार मोनू चौहान, प्रकाश रावत, राम गोपालन वध्रन और अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। जगद्गुरु श्री सतीशाचार्य महाराज, श्री

बाराबंकी में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ उबाल



बाराबंकी। भगवान श्रीकृष्ण पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला अब बाराबंकी पहुंच गया है। समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ ज्ञापन सौंपा और कड़ी कार्रवाई की मांग की।**ज्ञापन का नेतृत्व सपा अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष**शांति ओम ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ता और पदाधिकारी डीएम कार्यालय पहुंचे।**ज्ञापन में क्या कहा गया?**अधिवक्ता सभा का आरोप है कि कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण जी महाराज के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिससे करोड़ों हिंदू आस्थावानों की भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि - टिप्पणी की जांच कराकर दोषियों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए और ऐसी बयानबाजी पर रोक लगाई जाए।**डीएम कार्यालय पर दिखा वकीलों का जमावड़ा** इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल द्विवेदी, प्रिंस वर्मा राजू एडवोकेट, प्रमोद यादव एडवोकेट, अनिल वर्मा एडवोकेट, सोनू वर्मा एडवोकेट, पूजा यादव एडवोकेट, अरविन्द यादव एडवोकेट, छात्र सभा जिला अध्यक्ष मोनू रावत एडवोकेट, अभिषेक यादव, सत्यम यादव एडवोकेट, सिद्धांत कपिल एडवोकेट, राम चंद्र यादव एडवोकेट, शिव बहादुर एडवोकेट, हिमांशु सैनी एडवोकेट, पवन मिश्रा एडवोकेट, उदल सिंह एडवोकेट, सुनील यादव एडवोकेट, अनूप अवस्थी एडवोकेट, अनिल यादव एडवोकेट, मो.आसिफ एडवोकेट, कुलदीप यादव एडवोकेट, बलवंत यादव एडवोकेट, रवि यादव एडवोकेट, आर्यन, अमरेंद्र सिंह वर्मा, रोहित रावत आदि मौजूद रहे।**सपा का संदेश - आस्था पर चोट बर्दाश्त नहीं**अधिवक्ता सभा पदाधिकारियों ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी देवी-देवता के खिलाफ टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि प्रशासन से अनुरोध किया गया कि ज्ञापन को शासन तक पहुंचाए और कार्रवाई सुनिश्चित करे।

एक नजर

पंचायत भवन से चोरों ने उडाया इनवर्टर व बैटरी, छानबीन में जुटी पुलिस

तुलसीपुर/बलरामपुर। थाना तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर देहात (गनवरिया) के पंचायत भवन में चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोडकर इनवर्टर और बैटरी उठा ले गए। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है, जो पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रही है। रात करीब 12:30 बजे गश्त पर निकले हल्का पुलिसकर्मियों ने पंचायत भवन का दरवाजा खुला देखा तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने तुरंत ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम खान उर्फबब्बू को सूचना दी। प्रधान कई लोगों के साथ पंचायत भवन पहुंचे तो घटना देखकर अचंभित रह गए। पंचायत भवन का ताला टूटा हुआ था और इनवर्टर-बैटरी गायब थी। चोरों ने पंचायत भवन के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सभी कमरों के ताले भी तोड दिए। हालांकि विद्यालयों से कुछ भी चोरी नहीं हुआ, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। चोरों को स्कूलों में कीमती सामान नहीं मिला, इसलिए वे पंचायत भवन का सामान लेकर फरार हो गए। पंचायत भवन के चारों तरफसीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। फुटेज में चोरों के ताला तोडते हुए और सामान ले जाते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोर जल्द ही पकड में आ जाएंगे। पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है। ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढाने और पंचायत भवन व स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

जिलाधिकारी ने मार्ग चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



बलरामपुर। सडक अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ बनाने तथा आमजन को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विकास खंड रेहरा बाजार में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे गुमडी/रेहरा/सादुल्लानगर मार्ग के चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रेहरा बाजार तिराहे पर पहुंचकर निर्माणाधीन मार्ग की प्रगति, निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के संबंध में संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि नाबार्ड-31 योजना के अंतर्गत 2994.90 लाख (लगभग 29.94 करोड) की स्वीकृत लागत से 15.87 किलोमीटर लंबे मार्ग का चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य कराया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत मार्ग की वर्तमान चौडाई 3.75 मीटर से बढाकर 7 मीटर की जाएगी, जिससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत निर्माण काय 19 मार्च 2026 से प्रारंभ किया गया है तथा कार्य पूर्ण किए जाने की निर्धारित तिथि 18 जून 2027 है। वर्तमान में परियोजना की लगभग 50 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की जा चुकी है।

दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला महिला का शव,जांच में जुटी पुलिस

पचपेड़वा/बलरामपुर। थाना पचपेडवा अन्तर्गत ग्राम हरखडीं बुधवार सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। 40 वर्षीय आसमा खातून का शव उनके घर में दुपट्टे के फंदे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संभावित साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की छानबीन में जुट गयी। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा। आसमा खातून के पति सऊदी अरब में मजदूरी करते हैं। घटना के बाद गांव में चर्चा तेज हो गई और स्थानीय लोगों में महिला की मौत को लेकर सवाल उठने लगे। मृतका के पिता आफ्ताब अली ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी की मौत का कारण सामने लाने की मांग की है।

दीपोत्सव में लोक संस्कृति का महाकुंभ, देशभर के कलाकार बिखेरेंगे रंग



अयोध्या। दीपोत्सव-2026 में इस बार रामनगरी में दीपों की रोशनी के साथ देशभर की लोक संस्कृतियों का रंगारंग संगम देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश के 16 जिलों सहित देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले लोक कलाकार पारंपरिक नृत्य, संगीत और लोक विधाओं की प्रस्तुतियों से रामनगरी की शोभा बढ़ाएंगे। मयूर, ढेढ़िया, पाई डंडा, छऊ, घूमर, झिझिया और बोनालू जैसे लोकनृत्य दीपोत्सव के प्रमुख आकर्षण होंगे।संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले कलाकार अपनी क्षेत्रीय लोक परंपराओं का प्रदर्शन करेंगे। इनमें मथुरा का मयूर और बम रसिया, प्रयागराज का ढेढ़िया, बांदा का पाई डंडा, सोनभद्र का मांदल-सिंघा और करमा नृत्य प्रमुख हैं। अयोध्या के कलाकार बधावा, फरुवाही तथा डमरू एवं शंख नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा गाजीपुर का धोबिया, गोरखपुर का वनटांगिया, पीलीभीत का थारू, झांसी का राई, सुलतानपुर का नटवरी और बहराइच का डोमकच नृत्य भी दर्शकों को आकर्षित करेगा।दीपोत्सव में दूसरे राज्यों की लोक कलाओं को भी विशेष स्थान दिया गया है। पश्चिम बंगाल के कलाकार श्री खोल, ओड़िशा के कलाकार मास्क डांस, शाही जात्रा, रणप्पा चढैय्या और शंख वादन प्रस्तुत करेंगे। झारखंड का पुरुलिया छऊ, मध्य प्रदेश का गुदुम बाजा, कर्नाटक का ढोलु कुनीथा और गुजरात का तलवार रास भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा होंगे। वहीं राजस्थान का घूमर-चरी, बिहार की झिझिया, चेन्नई के कावड़ी, कड़गम और मयूर नृत्य तथा आंध्र प्रदेश का बोनालू भी अपनी छटा बिखेरेंगे।दीपोत्सव की शोभायात्रा में भी लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से उत्सव को जीवंत बनाएंगे। इसमें प्रयागराज का ढेढ़िया, मथुरा का मयूर, बांदा का पाई डंडा, सोनभद्र का मांदल एवं सिंघा और अयोध्या का बधावा नृत्य शामिल रहेगा।

दीपोत्सव से पहले अयोध्या की सड़कों की पेंटिंग पूरी कराने के निर्देश

अयोध्या। दीपोत्सव के आयोजन से पूर्व अयोध्या की सड़कों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए महानगर क्षेत्र में सभी सड़क पेंटिंग का कार्य दीपोत्सव से पहले पूरा कराने के निर्देश दिए।बैठक में अधीक्षण अभियंता ओम प्रकाश वर्मा और अधिशासी अभियंता एसबी सिंह मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि दीपोत्सव के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में शहर की सड़कों की बेहतर स्थिति और यातायात से जुड़ी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना आवश्यक है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अयोध्या की प्रमुख सड़कों पर पेंटिंग का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा कराया जाए। इसमें सड़क की सफेद पट्टी, डिवाइडर मार्किंग और अन्य आवश्यक रोड मार्किंग के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।